निरीक्षण | पुलिस अधीक्षक ने रीठी थाने और हादसा स्थलों का किया निरीक्षण, प्रभावी पेट्रोलिंग करने के दिए निर्देश

थाने में सफाई और क्षेत्र की सुरक्षा का रखें ध्यान



नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शुक्रवार दोपहर थाना रीठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर का बारीकी से देखा और साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, अन्य प्रशासनिक प्रबंधों की जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का संवेदनशीलता, पारदर्शिता के साथ तत्काल निराकरण किया जाए। थाने में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, कार्यप्रणाली सुचारू रखी जाए। हवालात की साफ-सफाई, सुरक्षा और बंदियों के उचित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और जिम्मेदार कार्यशैली सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने, जनता से विनम्र व्यवहार रखने, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। वहीं रीठी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट डांग चौराहा और जमुनिया मोड़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, आवश्यक साइनेज, सड़क किनारे पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कटनी-रीठी मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना का पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा हाइवे पर नियमित और सघन पेट्रोलिंग करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से कहा है कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ओवरटेकिंग में विशेष सावधानी बरतें, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना न सिर्फ स्वयं के लिए बल्कि अन्य नागरिकों के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और दुर्घटना रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

आप नेताओं को बदनाम करने की साजिश बेनकाब

नेताओं के बरी होने पर निकाली गई रैली

नवभारत, कटनी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा तथाकथित शराब प्रकरण में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह सहित अन्य नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार मानते हुए मामले को समाप्त कर सभी बरी कर दिया है। इस फैसले के बाद आम आदमी पार्टी द्वारा विजय जुलूस निकालकर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक, में एकत्रित होकर मिठाई का वितरण किया और इसे सत्य और न्याय की जीत बताई। प्रदेश कोर कमेटी सदस्य शिव प्रताप सिंह परमार ने कहा कि राजनीतिक द्वेषवश से आप पार्टी और उसके नेताओं को बदनाम करने का प्रयास किया गया, लेकिन इस फैसले ने स्पष्ट कर दिया कि आरोप तथ्यहीन थे। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि आज का दिन सत्य और न्याय की जीत का दिन है। हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व पर लगाए गए सभी आरोप न्यायालय में टिक नहीं पाए। यह फैसला साबित करता है कि आम आदमी पार्टी ईमानदारी और जनसेवा की राजनीति करती है। प्रत्येक कार्यकर्ता इस निर्णय से उत्साहित है और हम जनता के मुद्दों के लिए पहले से अधिक मजबूती के साथ संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर आप के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

34 हजार रूपए के गांजा सहित दो युवक गिरफ्तार

बरही पुलिस ने पिपरिया कला के पास की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। बरही थाना अंतर्गत क्षेत्र से पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने तीन किलो 70 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत करीब 34 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि 26 फरवरी 2026 की दरमियानी रात देहात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना में बताया गया कि रेलवे स्टेशन मार्ग, पिपरिया कला के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मादक पदार्थ के साथ मौजूद है।

इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और कछड़ारी निवासी मुकेश सापेरा (28 वर्ष) पिता अमृत नाथ सपेरा को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 14 हजार रूपए आंकी गई है। वहीं गश्त के दौरान ही सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह बघेल की टीम को रेलवे स्टेशन से करौंदीखुर्द रोड स्थित रेलवे पुलिया के पास एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी ओमप्रकाश पटेल (29 वर्ष) निवासी करौंदी कला के पास से 1 किलो 670 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस खेप की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपए है। बरही पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

शहर की सड़कों से हटाकर कांजी हाउस भेजे गए मवेशी

नवभारत, कटनी। नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा हाका गैंग के माध्यम से सतत अभियान संचालित किया जाकर घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण लगाने की कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सार्वजनिक सड़कों पर अवरोध की स्थिति को समाप्त कर नागरिकों को निर्बाध और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को माधव नगर पीडब्लूडी कॉलोनी और मॉल के पास, विश्राम बाबा पटेल मार्केट, गेट के पास, बरगवां डन कालोनी, आजाद चौक सहित अन्य स्थलों से 19 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्रवाई की गई। उन्होने बताया कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

निरीक्षण में स्वास्थ्य केन्द्र में मिली गंदगी, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कलेक्टर ने किया बहोरीबंद क्षेत्र का औचक निरीक्षण

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड बहोरीबंद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अनुपस्थित मिले बीएमओ, आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया की एएनएम और पंचायत सचिव पटोरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया मौजूद रहे। औचक भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया व पटोरी सहित तहसील कार्यालय बाकल, उपस्वास्थ्य केन्द्र बाकल का औचक निरीक्षण किया और बिना पूर्व सूचना के कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए बीएमओ, आरोग्य मंदिर पथराडी पिपरिया की एएनएम और पंचायत सचिव पटोरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को ड्यूटी डॉक्टर चार्ट नहीं मिला। इस दौरान ड्यूटी डॉक्टर डॉ शैफाली उइके, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद में पदस्थ डॉ. रितेश दुबे और बीएमओ अनुपस्थित पाए गए। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद के बीएमओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। वहीं पोषण पुनर्वास केन्द्र में 10 बच्चों के लक्ष्य के विपरीत मात्र 6 बच्चे ही पाए गए। कलेक्टर ने महिला जनरल वार्ड, प्रसूतिका वार्ड, हाई रिक्स महिलाओं की जानकारी, ओपीडी वार्ड, पैथेलॉजी वार्ड का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए मौके से ही दूरभाष पर सीएमएचओं डॉ राज सिंह ठाकुर को स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए अधिक मुस्तैदी से मैदानी अमले को सक्रिय करने की हिदायत दी।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पथराडी पिपरिया पहुंचे लेकिन आरोग्य केन्द्र दोपहर 12 बजे तक बंद पाया गया। जिस पर कलेक्टर ने आरोग्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम को नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पटोरी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गर्भवती और गर्भवती माताओं के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यों की समीक्षा करते की और आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

दद्दा धाम वृद्धाश्रम में लगेगा नि:शुल्क जांच शिविर

नवभारत, कटनी। वरिष्ठ जनों के लिए हॉलिस्टिक वेल वीइंग कैम्प्स कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के समन्वय से शुक्रवार को सुबह श्री कृष्ण दद्दा धाम वृद्धाश्रम में नि:शुल्क आयुर्वेद और होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अंतर्गत जन स्वास्थ्य कार्यक्रम किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य लाभ देना था।

कॉलेज में गंदगी से छात्रों को हो रही परेशानी, प्रबंधन मौन

महाविद्यालय में पेयजल की कोई ठोस व्यवस्था नहीं

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान महाविद्यालय में स्वच्छता और पेयजल की बदहाल व्यवस्था से छात्रों को परेशानी हो रही है। पूरे महाविद्यालय परिसर में गंदगी का आलम है, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे पढ़ाई का वातावरण पूरी तरह दूषित हो गया है। महाविद्यालय में पेयजल की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बाथरूमों की स्थिति अत्यंत दयनीय है, पानी भरा रहता है, पाइपलाइन फूटी हुई हैं और लगातार हो रहे लीकेज के कारण एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर में पानी झरने की तरह बह रहा है। इस लापरवाही का परिणाम यह है कि भवन की दीवारें तक क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। छात्र-छात्राएं द्वारा समस्या के निराकरण के लिए प्राचार्य से मांग की गई है।

लेकिन हर बार आश्वासन ही दिया गया। समस्या जस की तस बनी हुई। न तो सफाई की व्यवस्था का ध्यान दिया जा रहा है, न ही पेयजल और भवन मरम्मत को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।

चना और मसूर खरीदी के लिए किसान 16 तक कराएं पंजीयन

नवभारत, कटनी। भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी विपणन वर्ष में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना और मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। किसान 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में गेहूं पंजीयन के लिए निर्धारित 55 पंजीयन केन्द्रों में ही चना और मसूर के उपार्जन के लिए भी पंजीयन किया जाएगा। चना और मसूर के पंजीयन के दौरान इस वर्ष खरीदी केन्द्रों द्वारा उपज खरीदने से पहले किसानों की वास्तविक पहचान के लिए आधार का सत्यापन सक्षम पीओएस मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण कर वास्तविक किसान का सत्यापन किया जाएगा। पिछले वर्षों की तरह ओटीपी मान्य नहीं होगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत नन्हवाराकला जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/20 दिनांक :- 27/02/2026

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत नन्हवाराकला, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमती गीता बाई भूमिया — सचिव श्री आमोद पटेल

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहास जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/18 दिनांक :- 27/02/2026

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत मोहास, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमती राजकुमारी — सचिव श्री धर्मराज सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़ेहरा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/19 दिनांक :- 27/02/2026

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत मुड़ेहरा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री लखनलाल — सचिव श्री सुखनंदन काछी

कार्यालय ग्राम पंचायत खरखरी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/16 दिनांक :- 27/02/2026

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत खरखरी, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्रीमती गोमती पटेल — सचिव श्रीमती माया दुबे

कार्यालय ग्राम पंचायत मेहगाँव जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जिला- कटनी (म.प्र.)

क्र/निविदा/ग्रा.पं./2025-26/17 दिनांक :- 27/02/2026

निर्माण सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण

ग्राम पंचायत मेहगाँव, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, में निर्माण कार्यों के लिए निम्न सामग्री प्रदाय किये जाने हेतु आवश्यकता है, जो सामग्री प्रदायकर्ता, सामग्री प्रदाय करने के इच्छुक हों दिनांक 15/03/2026 से पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी दरें प्रस्तुत करें। प्रदायकर्ता का मनरेगा पोर्टल पर वैध पंजीयन GST होना चाहिए। वेंडर की वैधता के संदर्भ में लेखाधिकारी श्री रावल जी 9926232202 से संपर्क किया जा सकता है, उनकी GST पंजीयन पत्र में सभी सामग्री का लेख होना चाहिए। उक्त निविदा माह फरवरी 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए मान्य होगी।

सामग्री विवरण सारणी :- 1.20 mm & 40 mm गिट्टी 2. रेत 3. सीमेंट 4. ईंट 5. सरिया, एंगल आयरन, GI गाटर शीट 6. परिवहन 7. PVC आइटम 8. बिजली फिटिंग सामग्री 9. पत्थर, फर्शी 10. टाइल्स, मार्बल 11. पौधे, गोबर खाद, पोटास, रासायनिक खाद, आर.सी.सी खंबे व कटेली तार आदि।

सरपंच श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल — सचिव श्री अश्वनी त्रिपाठी

आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाए होली का त्यौहार

बाकल थाना परिसर में आयोजित की गई बैठक

नवभारत, बाकल। आगामी होली और ईद के त्योहारों को लेकर बाकल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक लोगों से संवाद कर क्षेत्र की सामाजिक स्थिति और आपसी समन्वय की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने उपस्थितजनों से होली और ईद का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग मिलजुलकर प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से दूर रहें। विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव और विचार रखे। प्रशासन को पूरा सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में नायब तहसीलदार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

सुनवाई | समस्या निवारण शिविर में निगमायुक्त ने कर्मचारियों के आवेदन पर की सुनवाई, दिए निराकरण के निर्देश

सरल होगी नगर निगम के कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने की प्रक्रिया

नवभारत, कटनी। नगर निगम कार्यालय में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शुक्रवार सुबह 11 बजे से नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजित किया। शिविर में नगर निगम के कार्यरत कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने निगमायुक्त तपस्या परिहार के समक्ष अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। निगमायुक्त द्वारा भी संबंधित आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर समयबद्ध तरीके से प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता सहित निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में नगर निगम के विभिन्न विभागों के लगभग 19 आवेदनों सहित मौखिक शिकायतों पर भी सुनवाई की गई। शिविर के दौरान विभिन्न आवेदनों पेंशन की रोकी गई 10 प्रतिशत राशि के भुगतान कराने, चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान दिए जाने, सीपीएफ और परिवार कल्याण राशि, वाहन भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, जीपीएफ, सीपीएफ, ईपीएफ, बीमा राशि, विनियमित करने सहित अन्य सेवा संबंधित आवेदनों पर सुनवाई के बाद विभागीय अधिकारियों को आवेदन देकर मार्च माह में आयोजित होने वाले शिविर के पूर्व प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण जिनमें दस्तावेजों के आभाव में भोपाल स्तर से कार्रवाई लंबित है उनमें संबंधित आवेदकों को सूचित करें। आवश्यक दस्तावेजों लेते हुए शाखा के कर्मचारी को भोपाल भेजकर लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं शिविर में आवेदन लेकर पहुचे कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कराने के लिए निगम कार्यालय की वर्तमान प्रक्रिया में आने वाली परेशानियों से निगमायुक्त को अवगत कराने पर निगमायुक्त द्वारा कर्मचारियों को अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया के सरलीकरण का आश्वासन दिया गया। शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे नगर निगम के पेंशनर संघ के अध्यक्ष गणेश बिचपुरिया, कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा सहित पारसनाथ प्रजापति द्वारा निगमायुक्त तपस्या परिहार को कर्मचारी हितैषी समस्या निवारण शिविर आयोजित करने पर आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, लेखापाल श्रीकांत तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

KAMAKHYA REAL ESTATE

हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...

आवासीय मकान और प्लाट, वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां, औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)

प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें

पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट

व्यवसाय के लिए दुकान

आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन

पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें

AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453

E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेट्ट) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।

ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)

Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024